# देश के कई राज्यों में बाढ़-बारिश से आफत

**उत्तर प्रदेश के 39 जिलों में येलो अलर्ट जारी**

**नदी-नाले उफान पर हैं, गांव जलमग्न**

**नईदिल्ली, 8 अगस्त. उत्तर प्रदेश में मानसून का मिजाज अब कहर बन चुका है. लगातार हो रही बारिश ने यूपी के 24 जिलों को बाढ़ की चपेट में ला दिया है और 39 जिलों में येलो अलर्ट जारी है.**


नदी-नाले उफान पर हैं, गांव जलमग्न हैं और शहरों में जलभराव व ट्रैफिक जाम ने जनजीवन को ठप कर दिया है. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है, जबकि प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं.



### बिहार में पटना, सारण, वैशाली समेत कई जिले जलमग्न

बिहार में गंगा, घाघरा और गंडक जैसी नदियों के बढ़ते जलस्तर ने फिर से लोगों की नींद उड़ा दी है. पटना, सारण, सिवान, वैशाली और औरंगाबाद समेत कई जिलों में बाढ़ ने तबाही मचाई है। तेजस्वी यादव के राघोपुर क्षेत्र में हालात भयावह हो चुके हैं, कई स्थानों पर प्रशासनिक व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है. लोगों को जान जोखिम में डालकर राहत की उम्मीद करनी पड़ रही है.

### सीएम योगी कर रहे हालात की मॉनिटरिंग



सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वयं राहत कार्यों की मॉनिटरिंग शुरू की है और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी जिले में संसाधनों की कमी न हो. वाराणसी में गंगा का जलस्तर घटने के बावजूद प्रशासन सतर्क है. जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग और साफ-सफाई अभियान तेज किया गया है. प्रयागराज में भी जलस्तर में कमी आई है, लेकिन बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है.

## बारामूला में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर, 8 अगस्त.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को बारामूला जिले के तंगमर्ग क्षेत्र में एक बड़े आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियार और गोला-बारूद बरामद किया. पुलिस के अनुसार, गोगलदारा-दानवास वन क्षेत्र में आतंकियों की गतिविधियों की गुप्त सूचना मिलने पर तलाशी अभियान चलाया गया. तलाशी के दौरान एक छिपा हुआ ठिकाना मिला, जहां से एक पिस्तौल, एक मैगज़ीन, नौ राउंड जिंदा कारतूस, एक हथगोला और पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा सामग्री बरामद की गई. पुलिस का मानना है कि यह ठिकाना हाल ही में सक्रिय आतंकियों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा था.



## मोदी ने जनादेश से नहीं जीता लोकसभा चुनाव : खरगे

**बेंगलुरु 8 अगस्त. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 का लोकसभा चुनाव जनादेश से नहीं जीता, बल्कि उसे चुराया है और यह सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी.**

खरगे ने शुक्रवार यहां 'हमारा वोट, हमारा अधिकार, हमारा संघर्ष' विरोध कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छह महीने की जांच के बाद बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में अनियमितताओं का पर्दाफाश किया, जिसमें 6.6 लाख मतदाताओं से जुड़ी विसंगतियां उजागर हुई है. उन्होंने 2024 के चुनावों को जनता के साथ विश्वासघात बताया और कहा कि कांग्रेस संविधान, मतदान के अधिकार तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह वोटों की चोरी का सहारा लेकर बिना जनसमर्थन के भी चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं. भाजपा पर चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा , मौजूदा सरकार में नैतिक वैधता का अभाव है.

### प्रियंका बोलीं – लोकतंत्र कोई मजाक नहीं है



राहुल गांधी के बाद अब प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी चुनाव आयोग पर चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी और फर्जी वोटिंग को लेकर तीखे सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि जब 40 हजार फर्जी वोटों का खुलासा हुआ है, तो जांच क्यों नहीं हो रही? क्या लोकतंत्र मज़ाक बनकर रह गया है? नई दिल्ली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की नाक के नीचे भारी पैमाने पर फर्जी वोटिंग हो रही है, लेकिन आयोग कार्रवाई करने के बजाय चुप बैठा है. प्रियंका गांधी का यह बयान तब आया जब हाल ही में राहुल गांधी ने भी इसी मुद्दे को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए थे। प्रियंका ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने चुनाव आयोग के सामने 40 हजार फर्जी वोटों का प्रमाण रखा है. आपसे शपथ नहीं, कार्रवाई चाहिए.

## बिहार के स्टार्टअप की तकनीक को पेटेंट

### 'हर घर नल का जल' को मिलेगा भरोसेमंद साथी

**पटना, 8 अगस्त. बिहार की उभरती टेक्नोलॉजी स्टार्टअप कंपनी ग्रीनस्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को उनके अभिनव उत्पाद ऑटोमेटिक वॉटर लेवल कंट्रोलर के लिए केन्द्र सरकार ने पेटेंट प्रदान किया है.**

यह तकनीक विशेष रूप से 'हर घर नल का जल' जैसी सरकारी योजनाओं की कुशलता बढ़ाने में क्रांतिकारी भूमिका निभा सकती है. यह डिवाइस टंकी के जल स्तर को स्वतः मापता है और मोटर को स्वचालित रूप से चालू एवं बंद करता है, जिससे पानी की बर्बादी, ओवरफ्लो, मोटर बर्न और ड्राई रन जैसी समस्याओं से सुरक्षित मिलता है. इससे जल और बिजली



दोनों की बचत होती है, साथ ही मोटर की उम्र भी बढ़ती है. इस नवाचार को अब तक 1000 से अधिक स्थानों पर प्रयोग किया जा चुका है और पंचायत स्तर तक अपनाये जाने योग्य बना दिया है. यदि इसे हर घर नल का जल योजना में एकीकृत किया जाए, तो यह टंकी ओवरफ्लो, जल अपव्यय, और मोटर बर्न जैसी समस्याओं को सस्ते एवं स्थायी रूप से समाप्त कर सकता है.

ग्रीनस्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक चंदन कुमार ने इस तकनीक पर कहा,यह पेटेंट केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक संकेत है कि भारत के ग्रामीण और शहरी जल संकट का समाधान हमारी जमीन से संभव है. सरकार की योजनाओं को सफल बनाने में यह तकनीक सीधा योगदान कर सकती है. नववर्तन को बढ़ावा देने के लिए प्रदान की जाती है. स्टार्टअप स्पीड फंड स्कीम के माध्यम से भी वित्तीय अनुदान प्राप्त हुआ है, जिससे प्रोटोटाइप डेवलपमेंट और पायलट तेजी से संभव हो सकी.

## छात्रों ने चंडीगढ़ में जवानों को बांधी राखी

**चंडीगढ़, 8 अगस्त.** केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सेक्टर-43 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) बटालियन-13 में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. देशभर में जहां नौ अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा, वहीं यहां समाजसेवी संस्थाओं और स्कूल की बालिकाओं ने वीर जवानों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और स्नेह जताया. इस अवसर पर बटालियन की कमांडेंट कमल सिसोदिया ने कहा, जब तक देश के जवान हैं, तब तक हम देश की रक्षा करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटेंगे. उन्होंने कहा, देश की बेटियों का जवानों पर यह भरोसा, चाहे वे महिला हों या पुरुष, हमारे लिए गर्व की बात है.

## जम्मू-कश्मीर में करोड़ों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी

- चार लोगों के खिलाफ प्रारंभिक आरोप पत्र दायर

**श्रीनगर, 8 अगस्त. जम्मू - कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने कथित तौर पर करोड़ों रुपये की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ प्रारंभिक आरोप पत्र दायर किया है जिसमें जम्मू-कश्मीर बैंक के परिवीक्षाधीन अधिकारी और दो करीबी रिश्तेदार शामिल हैं.**

जम्मू-कश्मीर आर्थिक अपराध शाखा को पहले अपराध शाखा कश्मीर के नाम से जाना जाता था. यह मामला इस साल गंदेरबल जिले के कंगन थाने में अपराध दर्ज किया गया था. बाद में मामले को गहन जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दिया गया. आर्थिक अपराध शाखा के एक प्रवक्ता ने बताया कि राथर मोहल्ला कंगन निवासी शाहनवाज अहमद शाह ने उनसे एक धोखाधड़ी वाले निवेश प्रस्ताव के साथ संपर्क किया था. शिकायतकर्ता को ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए आकर्षक रिटर्न का वादा करने वाली एक वित्तीय योजना में निवेश करने का लालच दिया गया था. आरोपी जम्मू-कश्मीर बैंक, शाखा कंगन में पीओ के रूप में कार्यरत हैं. ऑनलाइन वित्तीय ट्रेडिंग योजनाओं के बहाने उन्होंने कथित तौर पर पीड़ितों से 53 करोड़ रुपये से ज़्यादा की ठगी की.

### एक नजर में



#### झारखंड में आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल

**रांची, 8 अगस्त.** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित जंगली -पहाडी क्षेत्र में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में चाईबासा पुलिस एवं कोबरा बटालियन नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही थी। अभियान के क्रम में सारंडा के जंगली- पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से सुरक्षा बलों को लक्षित करके आईईडी ब्लास्ट किया गया, जिसमें कोबरा 209 बटालियन के दो सुरक्षा कर्मी जख्मी हो गये। दोनों को इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची लाया जा रहा है.

#### भजनलाल को योग्यजन बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

**जयपुर 8 अगस्त.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुक्रवार को यहां विशेष योग्यजन बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा. शर्मा को रक्षा बंधन पर सामाजिक न्याय संकुल परिसर जामडोली में आयोजित विशेष योग्यजन बहन सम्मान दिवस कार्यक्रम में इन बहनों ने राखी बांधी. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन बहनों से संवाद भी किया. इस दौरान श्री शर्मा ने विशेष दिव्यांगजनों को डिजिटल हियरिंग और लर्निंग किट सौंपी. श्री शर्मा ने विशेष दिव्यांगजनों को खीर प्रसादी भी वितरित की. इससे पहले मुख्यमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया तथा विशेष दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भेंट की. शर्मा ने राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह के बालक-बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया.

#### दक्षिणी कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग

**लॉस एंजिल्स, 8 अगस्त.** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिये गये हैं .गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1.25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है. कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1,000 एकड़ से ज़्यादा क्षेत्र में फैल गई.

## फिलिस्तीन को मान्यता देने को लेकर इजरायल ने ब्रिटेन को चेताया

**यरुशलम/लंदन, 08 अगस्त. ब्रिटेन द्वारा फ़लिस्तीन को संभावित मान्यता दिए जाने के खिलाफ़ इज़रायल जवाबी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है.**

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन इस मुद्दे पर घरेलू दबाव में है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि इजरायल ब्रिटेन को नुकसान पहुंचाने के लिए इजरायल बहुत कुछ कर सकता है। द टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री नेतन्याहू ने फ़लिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने पर विचार कर रहे ब्रिटेन और अन्य देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे इसके परिणामों पर सावधानीपूर्वक विचार करें.

### इजरायल ने किया युद्ध खत्म का आह्वान

गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार बंधक परिवार यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है. रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा. गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ.

### आज का इतिहास

1173 एक शिविर का निर्माण, जो अंततः पीसा का लीनिंग टॉवर होगा, शुरू हुआ।

1173 दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ।

1483 वेटिकन सिटी में सिस्टिन चैपल में पहला मास मनाया

1483 वेटिकन का सिस्टिन चैपल प्रार्थना के लिए खुला।

1757 सात वर्ष का युद्ध - सकल-जेजेर्डोर्फ की लड़ाई- हंस वॉन लेहवाल्ड के तहत एक पोर्शिया सेना ने मार्शल स्टेपान एर्पेक्सिन की रूसी सेना ने हराया।

1830 लुई फिलिप फ्रेंच के राजा बने।

## मिथिला की संस्कृति देश का गहना : अमित शाह

### सीतामढ़ी में मां जानकी जन्म स्थली पुनौरा धाम मंदिर का भूमिपूजन, 890 करोड़ से होगा निर्माण

**सीतामढ़ी, 8 अगस्त. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया.**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य नेताओं के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि मिथिलांचल की संस्कृति पूरे भारतीय संस्कृति का अनन्य गहना है. यह मंदिर केवल ईंट और पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि मिथिला के भाग्योदय की शुरुआत है. अमित शाह ने माता सीता के जीवन को आदर्श पत्नी, आदर्श बेटी, आदर्श मां और आदर्श राजमाता का प्रेरक उदाहरण बताते हुए कहा कि पुनौरा धाम का विकास देश और दुनिया के लिए शुभ है. उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर 67 एकड़ भूमि में किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 890 करोड़ रुपये है और 2028 तक इसके पूर्ण होने की उम्मीद है. मंदिर की ऊंचाई 151 फीट होगी.



### विपक्ष पर निशाना

देश के गृहमंत्री अमित शाह ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि उनके नेताओं ने मिथिला के विकास के लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया. मतदाता सूची पुनरीक्षण में बाधा डालने पर उन्होंने कहा कि ये लोग घुसपैठियों को वोट बैंक समझते हैं, लेकिन बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा.

## केजरीवाल ने समितियों का किया गठन

**पंजाब में औद्योगिक क्रांति लाने के लिए 24 सलाहकार**

**चंडीगढ़, 8 अगस्त. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 24 क्षेत्रवार औद्योगिक सलाहकार समितियों का गठन किया.**

केजरीवाल ने इसे पंजाब के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि 2022 से पहले का दौर जबरन वसूली का था, जहां राजनीतिक नेताओं द्वारा उद्योगपतियों को अपने व्यवसायों में हिस्सेदारी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता था. परिणामस्वरूप उद्योग राज्य से पलायन कर गये और पंजाब संकट में फंस गया, खासकर नशे की समस्या के कारण. उन्होंने फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल की सराहना करते हुए कहा कि यह भारत का सबसे आधुनिक सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम है, जो 150 से ज़्यादा व्यावसायिक सेवायें प्रदान करता है और ऑफ़लाइन आवेदन की जरूरत को समाप्त करता है. पंजाब राइट टू बिज़नेस एक्ट के तहत केजरीवाल ने कहा कि अब 125 करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों को केवल तीन दिनों के भीतर सैद्धांतिक मंज़ूरी मिल जाती है.

### कारोबारी बनाएंगे पॉलिसी, सरकार करेगी लागू



पंजाब में आदमी पार्टी की सरकार रोजगार और पारदर्शिता की नई इबारत लिखने जा रहा है. अरविंद ने केजरीवाल कहा कि सरकार ने सत्ता को जनता के हाथ में सौंपते हुए इतिहास रच दिया है. अब नीतियां नेता नहीं, कारोबारी बनाएंगे. पंजाब में 2022 से पहले का दौर वह था जब तरक्की करना ही सबसे बड़ा जोखिम था. ईमानदार उद्योगपतियों से वसूली की जाती थी, उन्हें धमकाया जाता था और जबरन 'हिस्सा' लिया जाता था. यही कारण रहा देश का नंबर 1 राज्य कहा जाने वाला पंजाब 18वें स्थान तक खिसक गया. लेकिन अब हालात बदल रहे हैं. सीएम ने स्पष्ट किया है कि अब पंजाब में सेक्टरल कमेटियों की शुरुआत हो चुकी है.

## अब आईबी और नारकोटिक्स करेगा ड्रग तस्करी की जांच

- छत्तीसगढ़ में हेरोइन तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा

**रायपुर, 8 अगस्त ( वार्ता ) छत्तीसगढ़ में हेरोइन तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा होने के बाद अब जांच का दायरा और बढ़ गया है.**

पाकिस्तान से सप्लाई होने वाले इस ड्रग्स रैकेट की पड़ताल में अब सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और नारकोटिक्स विभाग भी शामिल हो गए हैं. दोनों एजेंसियों के अधिकारी रायपुर पहुंचकर गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रहे हैं. मामले में रायपुर कोर्ट ने मुख्य आरोपी लवजीत सिंह, सुवित श्रीवास्तव और सैफ चीला की पुलिस रिमांड बढ़ा दी है. गौरतलब है कि चार अगस्त को रायपुर पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार स्थित एक मकान में दबिश देकर 1 करोड़ रुपये मूल्य की 412 ग्राम हेरोइन बरामद की थी. यह खेप पाकिस्तान से लाई गई थी. कार्रवाई में पंजाब के कुख्यात ड्रग सप्लायर लवजीत सिंह उर्फ बंटी समेत नौ तस्करों को पकड़ा गया.

पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क न सिर्फ अंतरराज्यीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है, जिसकी कड़ियां पड़ोसी देशों से जुड़ी हैं. एजेंसियां अब इस नेटवर्क के वित्तीय लेन-देन और अन्य साझेदारों की पहचान पर काम कर रही हैं.

## एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या

**नईदिल्ली, 8 अगस्त.** दिल्ली में हुमा कुरैशी के भाई की हत्या स्कूटी पार्किंग विवाद ने ली जान, हमला कैद आसिफ कुरैशी पर आईपिकअप से हमलाआरोपी गौतम ने छाती पर किया वार, मौत की पुष्टिस्कूटी पार्किंग विवाद ने ली जान. गौतम ने छाती पर किया वार, मौत की पुष्टि आरोपियों ने हथियार से किया वारदिल्ली के जंगपुरा इलाके में मामूली पार्किंग विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया. बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दो भाइयों ने हमला कर हत्या कर दी. घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें आसिफ पर ताबड़तोड़ हमले होते दिख रहे हैं. जंगपुरा भोगल बाजार की एक तंग गली गुरुवार रात खून से लाल हो गई.

**बचाव अभियान** धराली आपदा के बाद से सीएम पुष्कर धामी लगातार प्रभावित क्षेत्र में डटे

## प्रभावित क्षेत्र में बिजली-पानी, संचार बहाल

**धराली/उत्तरकाशी, 8 अगस्त. धराली आपदा के बाद से सीएम पुष्कर सिंह धामी लगातार प्रभावित क्षेत्र में डटे हुए हैं. उन्होंने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन, आपदा ग्रस्त क्षेत्र में चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान की स्थलीय निगरानी की. इस बीच प्रभावित क्षेत्र में बिजली के साथ ही संचार नेटवर्क भी बहाल कर दिया गया है.**

शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली का दौरा करते हुए, सर्च एवं रेस्क्यू कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए



वरिष्ठ अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए. मुख्यमंत्री प्रभावित परिवारों से मिलकर उनके दुख-दर्द को साझा किया, साथ ही उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तेजी से क्षेत्र में बिजली, पानी, संचार के साथ सड़क कनेक्टिविटी बहाल करने का प्रयास कर रही है.

### बिजली, पानी और संचार नेटवर्क बहाल

इधर, सरकार के प्रयासों से शुकव्रार को क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है, साथ ही संचार नेटवर्क भी बहाल होने से प्रभावित क्षेत्र के लोगों का राहत मिली है. इसके अलावा अनेक स्थान पर क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने का प्रयास भी युद्धस्तर पर जारी है. मुख्यमंत्री धामी ने आपदा में क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों एवं फसलों के नुकसान के आंकलन के निर्देश डीएम को दिए.

### दो जगह सामुदायिक रसोई जारी

धराली में दो आईएएस और दो आईपीएस अधिकारियों ने राहत एवं बचाव अभियान की कमान संभाली हुई है. प्रभावित परिवारों को धराली एवं हर्षिल में सामुदायिक रसोई में भोजन की व्यवस्था की गई है. हर्षिल, झाला, गंगोत्री में रुके यात्रियों को हैली के माध्यम से मातली भेजा जा रहा है. खबर लिखे जाने तक शुक्रवार को 260 से अधिक यात्रियों को हर्षिल से मातली भेजा गया. मुख्यमंत्री ने कहा सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है, धराली के लिए जो बेहतर से बेहतर होगा.

## फर्जी पासपोर्ट से जर्मनी जाने की कोशिश कर रहा बंग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता, 8 अगस्त. कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बंगलादेशी नागरिक को गुरूवार रात हिरासत में लेने के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया जो फर्जी पासपोर्ट के जरिये जर्मनी जाने की फिराक में था. उस बंगलादेशी नागरिक को विमान के उड़ान भरने के कुछ मिनट पहले हिरासत में लिया गया.**

आधिकारिक सूत्रो ने यहां बताया कि आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार बंगलादेशी की पहचान श्रमिक बरुआ के रूप की है जो परेश रॉय नाम से भारतीय नागरिक होने का ढोंग कर रहा था. पूछताछ में पता चला कि वह मूल रूप से एक बंगलादेशी है और भारतीय पहचान के साथ जर्मनी जाने की कोशिश कर रहा था. आव्रजन अधिकारियों ने उससे पूछताछ करने और उसके मोबाइल फोन की जानकारी हासिल करने के बाद पाया कि उसके पास बंगलादेशी पासपोर्ट है और वह बंगलादेश का नागरिक है. इस बीच हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शुक्रवार को बरुआ को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया जो उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए बैरकपुर अदालत में पेश करेगी. गौरतलब है कि हवाई अड्डा प्राधिकरण ने हाल ही में तीन बंगलादेशी नागरिकों को फर्जी पासपोर्ट के साथ गिरफ्तार किया है.

## खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**अमृतसर 8 अगस्त.** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, शहर में तीन जगहों पर 6-7 अगस्त की रात को हुए खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र मामले का पर्दाफाश किया है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को, जो बटाला के दरगाबाद गांव के निवासी हैं, जिसे गिरफ्तार कर लिया है. जांच से पता चला है कि वे विदेश में रहने वाले शमशेर सिंह के संपर्क में थे, जिसने उन्हें सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के निर्देश पर यह काम करने का निर्देश दिया था.